## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**विजय नगला, अमृत विचार:** बिनावर क्षेत्र के गांव घटपुरी की रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से गांव सिंगरौरा के अशोक कुमार (18) की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेन रुक गई। चालक ने शव को यात्रियों की मदद से ट्रेन में रखवाया। बरेली की सीमा में आने पर मकरंदपुर रेलवे स्टेशन पर शव रखवा दिया। सूचना पर बिनावर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार युवक मानसिक रोगी था। कहीं भी घूमने चला जाता था। शुक्रवार देर शाम वह रेलवे क्रासिंग की ओर गया था। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

नर्सिंग है अधिक रोजगार वाला क्षेत्र
B.Sc. NURSING
प्रवेश हेतु 25.04.2024 से आवेदन
Website : http://www.abvmuup.edu.in
प्रवेश परीक्षा (CNET) दिनांक 14.06.2024
निःशुल्क कोचिंग
Mob.: 9410405769, 7599203105
महेन्द्र गायत्री स्कूल ऑफ नर्सिंग
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली
★ C.H.C. मीरगंज एवं खिरका, फतेहगंज पश्चिमी
★ इन्स्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एवं अस्पताल, आगरा

## आज बिल्सी आएंगे मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग रहेगा अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अब्दुल सलाम खान ने डॉक्टरों समेत आठ सदस्यीय टीम गठित की

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 अप्रैल को बिल्सी में चुनावी सभा को संबोधित करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री के काफिले के साथ आठ सदस्यीय चिकित्सकीय टीम रहेगी। सीएमओ डा. अब्दुल सलाम खान ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल चिकित्सकीय टीम में एक हड्डी रोग विशेषज्ञ, एक फिजिशियन, एक निश्चेतक, एक सर्जन सहित पांच विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। इनके अतिरिक्त एक लैब टेक्नीशियन, एक वार्ड ब्यॉय, और एक फार्मासिस्ट शामिल है। आठ सदस्यीय टीम रविवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बिल्सी पहुंचेगी।




## पोलिंग एजेंट का उसी विधानसभा से प्रत्याशी करेंगे चुनाव

**बदायूं,अमृत विचार:** तीसरे चरण के मतदान के लिए सीमित समय बचा है। प्रशासनिक अधिकारी तैयारियों को अंतिम रुप देने में जुटे हुए हैं। द्वितीय चरण का प्रशिक्षण भी समाप्ति की ओर है। डायट में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान जिला अधिकारी मनोज कुमार और प्रेक्षक केके सुदामा राव द्वारा कार्मिकों से मतदान संबंधी जानकारी दी।

कहा बूथ पर मौजूद पोलिंग एजेंट प्रत्याशी या फिर उनके प्रतिनिधि द्वारा ही नामित होना चाहिए। उन्हें बूथ पर तभी मौजूद रहने दिया जाए जब प्रत्याशी या फिर प्रतिनिधि की ओर से हस्ताक्षरित उनके पास फोटो युक्त आईकार्ड हो। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि मतदान के दिन समाप्ति समय पर जो भी मतदाता लाइन में लगे हैं उन सभी का वोट अवश्य पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद में आगामी सात मई को मतदान है। पोलिंग पार्टियों छह मई को मंडी समिति से रवाना होगी तथा मतदान समाप्ति के बाद वापस वहीं पर ही आएंगे। चुनाव से संबंधित विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सीडीओ ने कहा कि पोलिंग एजेंट उसी बूथ का या निकटवर्ती बूथ का या अपवाद की दिशा में उसी विधानसभा क्षेत्र का मतदाता होना चाहिए।

# जिले में चार कॉलेज बनाने को शासन से 278 करोड़ मंजूर

### सत्र 2019-20 में भेजा गया था माध्यमिक के चार कॉलेजों का प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले की दो तहसील क्षेत्रों में चार नए माध्यमिक के चार इंटर कॉलेज खोले जाएंगे। इनकी बिल्डिंग का निर्माण 278 करोड़ से अधिक की लागत से होगा। कॉलेजों को खोले जाने को लेकर विभाग द्वारा प्रस्ताव अब से चार वर्ष पूर्व प्रस्ताव भेजा गया था। जिसे अब जाकर मंजूरी मिल पाई है। चुनाव के बाद उनकी बिल्डिंग निर्माण के लिए विभाग को बजट मिलेगा। वर्ष 2019-20 के दौरान तत्कालीन डीआईओएस रहे राममूरत के द्वारा जिले की तहसील दातागंज क्षेत्र के गांव रौता, कटरा सहादतगंज और हजरतपुर के साथ ही सदर तहसील क्षेत्र के गांव कौआ नगला में इंटर कॉलेज खोले जाने का प्रस्ताव भेजा था। जिसे मंजूरी देते हुए शासन की ओर जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव मांग लिया।

इसके बाद विभाग ने इन स्थानों पर जमीन चिन्हित कर एक कॉलेज की बिल्डिंग निर्माण के लिए 69.51 लाख का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया। इसी दौरान कोविड का दौर शुरू हो गया। दो साल तक अंतर्राष्ट्रीय महामारी के चलते स्कूल कॉलेजों का भी संचालन ठीक से नहीं हो पाया। विभाग अधिकारी और कर्मचारियों के बीच दूरी बनी हुई थी। कोविड की रफ्तार धीमी होने के बाद कामकाज पटरी पर आना शुरू हुआ। इसी बीच 2021-22 में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई। पूरा साल चुनाव की तैयारियों और स्कूलों में पढ़ाई शुरू कराने में बीत गया। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद जुलाई माह में स्कूल कॉलेजों में पढ़ाई शुरू हो सकी। इसी बीच तत्कालीन डीआईओएस का अन्य जनपद स्थानांतरण हो गया। उनके स्थान पर आए नए शिक्षा अधिकारी ने इन कॉलेजों के निर्माण और धनराशि की अवमुक्त कराने का प्रयास शुरू किया गया। उनके द्वारा किए गए प्रयासों के चलते इन स्कूलों के निर्माण के लिए भेजे गए प्रस्ताव शासन स्तर से मंजूरी प्रदान कर दी गई। चूंकि लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगी हुई है। इसी कारण कॉलेजों की बिल्डिंग निर्माण के लिए धनराशि चुनाव बाद विभाग को मिल सकेगी। इसके बाद अगस्त सितंबर में निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।

### इन स्थानों पर नहीं थे सरकारी कॉलेज

दातागंज, उसावां और कादरचौक ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी इंटर कॉलेज न होने की वजह से बच्चों को कक्षा आठ तक की पढ़ाई करने के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ता था या फिर ब्लॉक स्तर पर संचालित इंटर कॉलेजों में पढ़ाई करनी पड़ती थी। इसके लिए उन्हें आने में असुविधा होती थी। देहात क्षेत्र के बच्चों को उनके गांव में इंटर तक की पढाई मिल सके इसी को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन डीएम और डीआईओएस ने इंटर कॉलेज खोले जाने का प्रस्ताव शासन में भेजा था। जिसे अब जाकर मंजूरी मिली है।

> वर्ष 2019-20 में इन स्थानों पर इंटर कॉलेज खोले जाने के लिए शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा था। जिसे मंजूरी मिल गई है। चुनाव की वजह से बजट आवंटित नहीं हो सका है। चुनाव संपन्न होने के बाद विभाग को बजट मिल जाएगा। इसके बाद इन इंटर कॉलेजों की बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।
> -**डॉ प्रवेश कुमार**, जिला विद्यालय निरीक्षक।

- शासन ने लगाई मुहर, लोकसभा चुनाव के बाद अवमुक्त होगा बजट

## सार-संक्षेप

### अब बिना अनुमति नहीं उतार पाएंगे हेलिकॉप्टर

**बदायूं।** लोकसभा चुनाव को लेकर आयोग ने गाइड लाइन जारी की है। एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ वैभव शर्मा ने बताया कि जारी गाइड लाइन के अनुसार जिस स्कूल कॉलेज के प्रांगण में सभा के दौरान हेलीकॉप्टर उतारना है। इसके लिए वहां के प्रधानाध्यापक की ओर से यह लिखते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा कि उक्त तिथि पर अवकाश है या फिर पठन-पाठन बाधित नहीं होगा। फिर संबंधित सीओ को अनापत्ति प्रमाण पत्र देना होगा। जिसमें हेलीकॉप्टर का नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या, हेलिकॉप्टर की क्षमता आदि जानकारी होगी। उसमें उक्त स्थल का खाता-खेसरा आदि को दर्शाया जाएगा। बताया कि हेलीकॉप्टर का खर्च संबंधित प्रत्याशी अथवा राजनीतिक दल के निर्वाचन व्यय में जाएगा।

### देखरेख के अभाव में शोपीस बना शौचालय

**कुंवर गांव।** सलारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव बरखिन में सामुदायिक शौचालय लगभग एक माह से बंद है। उसमें ताला लटका हुआ है। जिससे ग्रामीणों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल रहा है। पूर्व में ग्राम प्रधान ने इसकी शिकायत ब्लॉक के अधिकारियों से की और शौचालय का ताला खुलवाने की मांग की। लेकिन अब तक किसी ने सुध नहीं ली। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जवाहरलाल उपाध्याय ने कहा कि शौचालय के लिए ग्रामीणों को परेशानी नहीं होगी। कुछ दिन ओर केयरटेकर नहीं आती है तो उसकी जगह दूसरी केयरटेकर की व्यवस्था की जाएगी।

### डॉ. भुवनेश की मौत, चिकित्सकों ने जताया दुख

**बदायूं।** उझानी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात नेत्र परीक्षण अधिकारी भुवनेश यादव का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। डा. भुवनेश की मौत पर चिकित्सकों ने दुख व्यक्त कर शोक जताया है। 55 वर्षीय भुवनेश यादव उनके मुंह में कैंसर था जिसका उपचार कई जगह किया गया मगर सफलता नहीं मिली। शनिवार को शाम चार बजे उन्होने अपने घर पर अंतिम सांस ली।

### हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को लगेगा टीका

**बदायूं।** जिले से 180 लोग हज की यात्रा करेंगे। उनके हज पर रवाना होने से पूर्व उनका प्रथम टीकाकरण होगा। 28 अप्रैल से शुरू होने वाला टीकाकरण कार्यक्रम दरसा शाहे विलायत में होगा। यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद ने दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण का टीकाकरण आज यानी रविवार से शुरु होगा। दो दिनों तक चलने वाला टीकाकरण कार्यक्रम छोटे सरकार कबूलपुरा रोड स्थित मदरसा शाहे विलायत में संपन्न होगा। द्वितीय चरण का टीकाकरण 29 अप्रैल को लालपुल-कचहेरी रोड नाहर खां सराय में होगा। समस्त हज यात्रियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करना आवश्यक है। हज यात्रियों को मैनिनगोकॉकल मेनिनजाइटिस वैक्सीन व सिजनल इन्फ्लुएंजा वैक्सीन 30 अप्रैल और एक मई को जिला अस्पताल में लगाई जाएगी।

### दहेज के लिए महिला को पीटा, अस्पताल में भर्ती

**बदायूं।** मूसाझाग के गांव गिदौल निवासी अनोज ने सिविल लाइन पुलिस को दी तहरीर में बताया उसकी बहन प्रीति की शादी आठ साल पहले गांव फिरोजपुर इकलहरी के रवेंद्र से हुई थी। आरोप लगाया शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रीति को परेशान करते थे। 26 अप्रैल की देर शाम प्रीति ने फोन करके बताया कि रवेंद्र शराब पीकर मारपीट कर रहे हैं। अगले दिन सुबह 7 बजे वह रिश्तेदारों के साथ बहन के घर पहुंचा तो देखा न बहन थी और न ही उसके परिजन। उसके मुताबिक पुलिस से शिकायत करने के लिए वह जा रहा था कि रास्ते में पति और देवर प्रीति को छोड़ भाग गए। प्रीति ने बताया कि ससुरालीजनों ने रात भर उसे पीटा था और खाने को भी कुछ नहीं दिया। अनोज ने बहन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।




## दो दुकानों में फिर चोरी का प्रयास, पुलिस को भनक नहीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मुजरिया थाना क्षेत्र में नहीं थम रही चोरी की घटनाएं, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**अमृत विचार:** पुलिस भले ही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने का दावा करें लेकिन मुजरिया थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दो दिन पहले चोरों ने थाने से चंद कदम की दूरी पर दो जगहों से चोरी की।

इसका खुलासा अभी तक नहीं हो सका कि चोरों ने शुक्रवार को फिर से दो अन्य दुकानों को निशाना बनाने का प्रयास किया। मशीनरी स्टोर की दुकान के पीछे लोहे का ग्रिल काटा और दरवाजे के नीचे से ईंटें निकाल लीं। लेकिन सफलता नहीं मिली। मुजरिया चौराहे से उझानी रोड पर गांव जीजाहट के नीरज का मशीनरी स्टोर है। शुक्रवार रात चोरों ने दुकान के पीछे से जाल काटकर भीतर घुसने का प्रयास किया। उन्होंने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात उन्हें दुकान का एक दरवाजा खुला मिला जबकि दूसरे दरवाजे को काटने की कोशिश की गई थी। चोर दूसरा दरवाजा न खुल पाने की वजह से कुछ नहीं ले जा सके। उनकी दुकान के पास ही नीरज के छोटे भाई की दुकान में चोर घुसे। जहां चोरी के लिए कुछ नहीं मिला।





# 15 लाख की लूट, पुलिस बोली घर से ही बरामद कर लिया माल

## गांव हबीबपुर दजराम में शुक्रवार देर रात दो बदमाशों ने की वारदात

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** शादी वाले घर में लूटपाट करने का शोर मचा। बताया गया कि बदमाशों ने परिवार वालों को बंधक बनाकर ढाई लाख रुपये नगद, 12 लाख रुपये के आभूषण समेत 15 लाख का सामान लूट लिया। पुलिस ने पहुंचकर परिजनों से पूछताछ और जांच की। पुलिस के अनुसार लूट की बात झूठी है। शनिवार देर शाम घर से ही माल बरामद कर लिया है। पुलिस रविवार को खुलासा करेगी।

थाना फैजगंज बेहटा के गांव हबीबपुर दजराम निवासी अधिवक्ता दिग्विजय सिंह जिला संभल की तहसील चंदौसी में वकालत करते हैं। गांव में उनका पैतृक मकान के अलावा एक अन्य मकान भी है। उनके भाई शत्रुघ्न गांव के प्रधान रह चुके हैं। 10 मई को उनकी बेटी शीला की शादी है। ऐसे में तैयारियां जोरों पर हैं। शुक्रवार रात दिग्विजय सिंह अपनी पत्नी रामबेटी और बेटी शीला के साथ दूसरे मकान पर सोए थे जबकि पैतृक मकान पर उनका भतीजा मुनीश, मुनीश की पत्नी सीमा, भाई शत्रुघ्न की पत्नी झरना थे। परिवार के अन्य लोग घेर में सोए थे। सीमा कंप्टीशन की तैयारी कर रही हैं। वह रात में पढ़ाई कर रही थी। रात लगभग 12 बजे सीमा बाथरूम गई। वहां दो नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें घर लिया। तमंचा दिखाकर डराया और मुंह में कपड़ा ठूंसकर हाथ-पैर बांध जान से मारने की धमकी दे बाथरूम के पास छोड़ दिया। उसके बाद बदमाशों ने मुनीश और झरना देवी को बंधक बना लिया। तमंचे के बल पर अलमारी की चाबी ले ली। अलमारी में रखे सोने की चेन, हार, एक जोड़ी झाले, हंसली, कंठी, सात अंगूठी, मंगलसूत्र आदि के अलावा ढाई लाख रुपये व अन्य सामान लूटकर छत के रास्ते भाग गए। सीमा ने बताया कि दो बदमाश घर में आए थे जबकि छत पर उनके कुछ और साथी होंगे। बदमाशों ने अधिवक्ता को उस नाम से पुकारा था जिस नाम से ग्रामीण पुकारते हैं। जिससे माना जा रहा है कि बदमाश उन्हें पहले से ही जानते थे।

बदमाशों के जाने पर वे लोग बंधनमुक्त हुए। दिग्विजय सिंह और अन्य परिजनों को सूचित करते हुए डायल 112 पर अवगत कराया। शनिवार सुबह बिसौली सीओ सुनील कुमार, फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह के अलावा एसओजी घटनास्थल पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने परिवार के सभी सदस्यों से पूछताछ की। बताया कि देर शाम घर से ही माल बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने बताया कि लूटपाट की सूचना झूठी है। परिवारिक विवाद लग रहा है। जांच की जा रही।

- **अधिवक्ता के परिजनों ने कहा- दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर डरा धमकाकर की लूट**

> घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस भेजकर जांच कराई गई थी। घर से माल बरामद हो गया है। रविवार को पूरा खुलासा किया जाएगा।
> – **राम मोहन सिंह**, एसपी देहात।

## बाइक सवार जूस विक्रेता से तमंचे के बल पर लूट

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी शादाब ने बताया कि वह जूस विक्रेता हैं। शनिवार रात लगभग आठ बजे वह अपने पड़ोसी इकबाल के साथ बाइक से मेला से घर लौट रहा था। शादाब के मुताबिक मेले से कुछ दूरी पर पहुंचते ही रास्ते में तीन लोगों ने उसकी बाइक रोक ली। वह कुछ समझ पाते इससे पहले एक बदमाश ने तमंचा और दूसरे ने चाकू निकालकर जान से मारने की धमकी दी और जेब से सात सौ रुपए लूट लिए। इतना ही शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। बदमाश तमंचा और चाकू मौके पर फेंककर भाग गए।

# समर्थन देख अभिभूत हुए दुर्विजय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **सहसवान के कई गांवों में भाजपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क**

**अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य ने शनिवार को सहसवान विधानसभा में जनसंपर्क किया। इस दौरान वह नगला डल्लू, बढ़नौमी, खितौरा, घंसोली, उघैती, मेवली, खंडुआ, धर्मपुर, छिवऊ कलां, रतनपुर, बरौलिया, सरह बघौली, सिरतौल व बेहटा गुसाईं गांवों में जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।



दुर्विजय शाक्य ने कहा कि बदायूं के लोगों का प्यार और लगाव देखकर बार-बार यही लगता है कि यहां पहले क्यों नहीं आया। हालांकि जहां भी रहा, वहां अपना जिला और अपनी मिट्टी को कभी नहीं भूला। हमेशा बदायूं का नाम रोशन करने का ही प्रयास किया। कभी सपने में भी नहीं सोचा कि बदायूं का नाम किसी भी स्तर पर खराब हो। इसी का परिणाम सामने है कि यहां के लोग तन-मन-धन से साथ जुड़े हुए हैं।

दुर्विजय शाक्य ने कहा कि अब सोचने समझने की जरूरत नहीं है, यहां दुर्विजय की नहीं बल्कि बदायूं की जनता की साख दांव पर लगी है। कहा कि बाहरी लोगों ने हर बार बदायूं की जनता को ठगा है। इस बार अपने घर के प्रत्याशी को संसद में भेजना है।

## क्षत्रिय महासभा ने भाजपा प्रत्याशी को दिया समर्थन

**बदायूं।** क्षत्रिय महासभा एवं महाराणा प्रताप विकास ट्रस्ट की संयुक्त बैठक बदायूं क्लब के सभागार में प्रदेश महासचिव आलोक सिंह चौहान संघर्षी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महासभा ने भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य को समर्थन दिए जाने की घोषणा हुई। इस दौरान पदाधिकारियों ने भाजपा प्रत्याशी को महाराणा प्रताप का चित्र भेंट किया। दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा क्षत्रिय समाज के मान सम्मान में कोई कमी नहीं रहेगी। वहीं दातागंज विधायक राजीव सिंह ने कहा क्षत्रिय समाज सदैव भाजपा का समर्थक रहा है। डा. सुशील कुमार, प्रमोद सिंह, गोपाली सिंह, विजय पाल सिंह, आचार्य प्रताप सिंह, श्यामपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।










## शहर में आज

- परिवार परामर्श केंद्र की बैठक पुलिस कार्यालय में सुबह 10 बजे से।
- संत निरंकारी सत्संग शहर के सोरों गेट स्थित हरप्यारी धर्मशाला में सुबह 10 बजे से।
- नि:शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर अमांपुर के मक्खन लाल इंटर कॉलेज में सुबह 10 बजे से।
- देश के गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा शहर के बारह पत्थर मैदान में दोपहर 12 बजे से।
- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का व्यापारी सम्मेलन शहर के गंगा देवी माहेश्वरी भवन में शाम सात बजे से।

## एक नजर

### देसी बंदूक व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सिकंदरपुर वैश्य पुलिस ने सूचना के आधार पर एक आरोपी को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर बृजराज सिंह ने बताया कि आरोपी आराम सिंह निवासी ग्राम नगला डढइया थाना सिकन्दरपुर वैश्य को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। कब्जे से एक अवैध देशी बंदूक 12 बोर व दो जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

### एक जिला बदर तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना ढोलना पुलिस ने सूचना के आधार जिला बदर चल एक आरोपी को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजयीवर सिंह ने बताया कि जिला बदर अभियुक्त सगीर उर्फ नीटू निवासी मुहल्ला पीरजादा कस्बा बिलराम थाना ढोलना को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक तमंचा व दो बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी का अपराधिक इतिहास भी है। उसके विरुद्ध थाने पर चार मुकदमें दर्ज हैं। नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

### नामित व्यय प्रेक्षक का संपर्क नंबर जारी

**कासगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राम सिंह गुर्जर व्यय प्रेक्षक का निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग सोरों कासगंज में 12 अप्रैल को आगमन हुआ। जिनके मोबाइल नंबर 6398869564 पर किसी भी निर्वाचन संबंधी शिकायत व सुझाव के लिए संपर्क कर सकते हैं।

### वांछित आरोपी को पुलिस ने भेजा न्यायिक अभिरक्षा में

**कासगंज।** सोरों कोतवाली पुलिस ने सूचना के आधार पर वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि वांछित अभियुक्त सोनू उर्फ गुड्डू निवासी क्यामपुर बहेडिया को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पूछताछ के बाद आरोपी को विरुद्ध विधिक नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कासगंज।** सोरों कोतवाली पुलिस ने न्यायायल से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि वारंटी गंगा सिंह दिवाकर निवासी सिरावली थाना सोरों जनपद को गिरफ्तार किया है। यह वारंटी काफी दिन से फरार चल रहा था। न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। पूछताछ के बाद उसके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

---

पशुओं के लिए पौष्टिक और पाचक आहार होता है यह हरा चारा

# गर्मी के मौसम में हरे चारे की कमी दूर करेगी लोबिया की फसल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- कृषि विशेषज्ञों की सलाह, किसान इस फसल को उगाएं और पशुधन बचाएं

**अमृत विचार:** अप्रैल माह लगभग बीत चुका है। तापमान धीमे-धीमे बढ़ता ही जा रहा है, जिस कारण खेतों में नमी की मात्रा कम होती जा रही है। इसके साथ हरे चारा की उपलब्धता में कमी आ रही है।

वहीं आने वाले कुछ दिनों में पशुपालकों को हरे चारे के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। इसलिए किसान अगर समय रहते ही हरे चारे की व्यवस्था शुरू कर दें, जिससे आने वाले समय में पशु को पर्याप्त चारा मिल सके। हरे चारे की कमी से दुग्ध उत्पादन क्षमता पर असर पड़ता है और उनकी कमाई भी बढ़ती है।

इस बारे में कृषि विशेषज्ञ रामकुमार ने बताया कि हरे चारे की कमी से बचने के लिए किसान कई बार कटाई वाली फसल की बुआई कर सकते हैं। इसके लिए लोबिया एक बेहतर विकल्प है। उन्होंने बताया कि किसान लोबिया की फसल का उत्पादन कर हरे चारे की कमी से छुटकारा पा सकते हैं।

**दलहनी फसल है:** कृषि विशेषज्ञ ने बताया कि लोबिया एक तेजी से बढ़ने वाली दलहनी चारा फसल है। यह अधिक पौष्टिक और पाचक है. इससे पशुओं के दुग्ध उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होती है। लोबिया के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि यह खेत की उर्वरक क्षमता को भी बढ़ाता है, जिससे किसान अगली फसल में भी लाभ ले सकते हैं। लोबिया साथ के खर-पतवार को नष्ट करके मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ाती है। लोबिया को किसान खरीफ और जायद मौसम में आसानी से उगा सकते हैं।

### लोबिया की उन्नत किस्मों का करें प्रयोग

उधर कृषि अधिकारी अवधेश मिश्रा बताया कि पर्याप्त हरे चारे के लिए लोबिया की उन्नत किस्मों का ही चुनाव करें। खेती करने के लिए लोबिया की प्रचलित उन्नत किस्म कोहिनूर है। अगर ज्वार और मक्का के साथ लोबिया लगाना चाहते हैं तो 20 किलो ग्राम बीज प्रति हेक्टेयर पर्याप्त है। अगर सिंचाई की बात करें तो पापमान बढ़ने के साथ 8-10 दिन में सिंचाई करनी चाहिए।

**लोबिया की खेती करने के लिए जरूरी बातें:** लोबिया की खेती करने के लिए किसानों को अच्छी जलनिकासी वाली खेत का चुनाव करना होगा। सबसे खास बात है कि इसे हर तरह की मिट्टी में उगाया जा सकता है। इससे किसानों को खेत का चयन करने के लिए ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर किसान के पास अगर दोमट मिट्टी वाले खेत हैं तो यह पैदावार की दृष्टि से सबसे अच्छी है। खेत को तैयार करने के लिए अच्छे से जुताई जरूरी है ऐसा करने से अंकुरण अच्छा होता है। किसान अगर लोबिया की खेती करना चाहते हैं तो यह समय उनके लिए काफी अच्छा है। वे मार्च के अंत तक लोबिया लगा सकते हैं।

## उम्मीदवारों के व्यय लेखा रजिस्टर मिलान 30 अप्रैल व 5 मई को

**कासगंज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार 22-एटा-कासगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के व्यय लेखा रजिस्टर का मिलान 30 अप्रैल एवं 5 मई को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालय कक्ष संख्या 33 में किया जाएगा।

# बढ़ते तापमान से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त

## सुबह से ही आसमान से बरसने लगती है आग, दोपहर होते ही बाजारों में पसर जाता है सन्नाटा

कार्यायल संवाददाता, कासगंज



धूप से बचाव के लिए छाता लेकर जातीं युवतियां। ● अमृत विचार



गर्मी में धूप से बचने के लिए चेहरे को ढक कर निकालीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अप्रैल के अंतिम दौर में निरंतर तापमान में वृद्धि हो रही है। बढ़ते तापमान से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। सूर्य उदय के साथ ही आसमान से आग बरसने लगती है। गर्मी के चलते दोपहर को बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। लोग घरों में पहुंच जाते हैं। गर्मी से बस्तियों में बढ़ रहे मच्छरों के प्रकोप से लोगों का दिन का चैन और रात की नींद खराब हो रही है। वहीं दिन के समय तेज धूप के थपेड़ों से बचने के लिए लोग छाते व अंगौछे आदि का चेहरे पर बांधकर निकल रहें हैं।

अप्रैल का अंतिम सप्ताह मौसम के लिहाज से बहुत अधिक गर्म हो गया है। धूप की तपन से लोगों की बैचेनी बढ़ गई है। सुबह जब सूरज निकलता है तो उसकी धूप इतनी चटक होती है कि लोग घरों से निकलना नहीं चाहते। दोपहर होते-होते धूप के थपेड़ों व भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो जाते हैं। सुबह तो बाजारों खरीददारों की भीड़ दिखाई देती है, लेकिन दोपहर होते-होते बाजार सूने हो जाते हैं और दुकानदार हाथों पर हाथ रखे ग्राहकों का इंतजार करते नजर आते हैं। शाम को पुनः जब सूरज की तपन से राहत मिलती है तो फिर से बाजारों में लोग दिखाई देते हैं। ऐसे में बाजारा रात को देर तक खुल रहे हैं। गर्मी के इस मौसम से तमाम बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे लोगों में बीमारियों के संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। वहीं असमय बिजली कटौती व लोगों का गर्मी से का दिन का चैन व रात की नींद खराब हो रही है।

**शनिवार का तापमान**

- अधितकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सिसयस

**गर्मी से राहत पाने को ठंडे पेय पदार्थों का कर रहे सेवन:** एक साथ गर्मी और तापमान बढ़ जाने से ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए इनका सेवन कर रहे हैं। दही की लस्सी, कोल्ड्रिंक, नींबू शिंकजी व अन्य पेय पदार्थों के साथ गन्ने के रस की मांग सबसे अधिक है। शहर में जगह-जगह लगी नारियल पानी व गन्ने के रस की दुकानों पर भी लोग पहुंच रहें हैं।

### पालिका कराए एंटी लार्वा का छिड़काव

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के साथ मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। शहर के लवकुशनगर, गंगेश्वर कॉलोनी, 16 बीघा, पंखा वाला बाग, सिटी मुहल्ला सहित शहर की तमाम बस्तियों में मच्छरों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थानीय लोगों ने पालिका प्रशासन से एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कराए जाने की मांग की है।

# परिवहन विभाग ने शासन को भेजी कार हादसे की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- प्रथम दृष्टया मानी जा रही कार चालक की लापरवाही
- तेज रफ्तार होने के कारण माइल स्टोन से टकरा गई थी कार

**अमृत विचार:** बरेली से वाया कासगंज मथुरा दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालु की कार माइल स्टोन से टकराने के बाद जलकर राख हो गई। उसकी पत्नी और मासूम बच्चे की जलकर मौत हो गई। इधर हादसे की रिपोर्ट परिवहन विभाग तैयार कर चुका है और प्रारंभिक रिपोर्ट शासन को भी भेज दी है, जिसमें प्रथम दृष्टया कार चालक की लापरवाही मानी जा रही है। पाया जा रहा है कि शायद तेज रफ्तार कार रही होगी। इसलिए माइल स्टोन से टकराने के बाद उसमें आग लग गई।

शुक्रवार की सुबह कैनाल बाईपास पर गांव भगवंतपुर के समीप माइल स्टोन से टकराने के बाद कार खंभे से जा टकराई और देखते ही देखते धू-धूकर जल उठी।

इस कार को चला रहे आशीष तो किसी तरह जान बचाने में कामयाब हो गए, लेकिन उनकी पत्नी मीना और मासूम बेटा बाबू जिंदा जल गए। बताया गया कि यह सभी बरेली जिले के भमोरा थाना क्षेत्र के गांव से मथुरा में भगवान श्री कृष्ण के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। इस बड़े हादसे के बाद शासन ने भी इसे संज्ञान में लिया।

जिला प्रशासन और पुलिस मामले की जांच में जुट गई। परिवहन विभाग ने भी हादसे की जांच शुरू की। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि कार चालक ने तेज रफ्तार कार चलाई थी। इसलिए हादसा हो गया।

> हादसा रात में हुआ या तो कर चालक को हल्की नींद आ गई। या फिर कार की रफ्तार तेज रही होगी। इसलिए माइल्ड स्टोन से टकराने के बाद उसमें आग लग गई। यातायात के नियमों का पालन बहुत जरूरी है। **-आरपी मिश्रा,** एआरटीओ

# कोई नहीं अंतर्कलह, भाजपा एक परिवार की तरह है: भूपेंद्र चौधरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



प्रेस वार्ता करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। ● अमृत विचार

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कासगंज में कार्यक्रम की देखी व्यवस्था
- कहा-विपक्षी दल षड्यंत्र के तहत द्वेषभावना फैलाना चाहता है

**अमृत विचार:** भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा एक परिवार की तरह है और इस परिवार में कहीं कोई अंतर्कलह नहीं है। सिर्फ विपक्षी दल हैं जो द्वेषभावना फैलाना चाहते हैं। विपक्षी नेता समाज के भीतर अलग-अलग भ्रांतियां फैला रहा है, लेकिन विपक्ष के नेता चुनाव से पूरी तरह नदारद हैं और वह हताश हो गए हैं।

कासगंज में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा की तैयारी का जायजा लेने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पहुंचे। उन्होंने बारह पत्थर मैदान पर जनसभा की तैयारी देखीं। उसके बाद भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि पहली और दूसरे चरण में भाजपा को पूरा समर्थन मिला है और इस चरण में जहां-जहां चुनाव हुए हैं, वहां भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीत रहे हैं। वहीं कम मत फीसद होने के सवाल पर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव की पूरी तैयारी कर चुकी है और अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाले चरणों में भी भाजपा को पूर्ण सहयोग मिलेगा। मोदी और योगी के संकल्प को हम सब पूरा करेंगे। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि काफी विचार करने के बाद ही किसी भी व्यक्ति को दूसरे दल से भाजपा में शामिल किया जाता है। जिन लोगों की निष्ठा भाजपा में है उनका स्वागत है। क्षत्रिय समाज की नाराजगी पर पूछे गए सवाल के उत्तर में उन्होंने कहा कि कोई नाराजगी नहीं है। क्षेत्र के नाम पर, जाति के नाम पर समाज में भ्रम पैदा करने का काम विपक्ष कर रहा है। सिर्फ टकराव का काम करना उनकी आदत है।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आज जनसभा करेंगे अमित शाह

**कासगंज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने आ रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जिले के बारह पत्थर मैदान पहुंचेंगे। वहीं देर रात तक गृहमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपाई और प्रशासन अमला जुटा रहा। आज रविवार को देश के गृहमंत्री अमित शाह हेलीकॉप्टर से भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करने के लिए कासगंज पहुंचेंगे। गृहमंत्री के हैलीकॉप्टर के लिए सोरों स्थित अस्थाई पुलिस लाइन में हैलीपैड बनाया गया है। सरकारी कार्यक्रम के अनुसार गृहमंत्री का हेलीकॉप्टर दोपहर 12 :30 बजे हैलीपैड पर लैंड करेगा। जहां उनका भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद सड़क मार्ग से कार द्वारा गृहमंत्री सभा स्थल शहर के बारह पत्थर मैदान पहुंचेंगे। जहां जनसभा को संबोधित करने के बाद 1 :30 मिनट पर हैलीपैड पहुंचकर अपने गंतव्य के लिए चले जाएंगे।

## पहचान के लिए कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य

**कासगंज।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जो मतदाता मतदान करते समय अपना मतदाता पहचान पत्र-एपिक प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, तो उन्हें अपनी पहचान के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य-केंद्र सरकार के लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, आधार कार्ड में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

ऐसे मतदाता जो दूसरे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी पहचान पत्र प्रस्तुत करते हैं तो ऐसे कार्ड भी स्वीकार किए जाएंगे। बशर्ते उस मतदाता का नाम उस मतदान केंद्र से संबंधित निर्वाचक नामावली में मौजूद हो, जहां मतदाता मतदान करने उपस्थित हुआ है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, फंदे पर लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



घर के बाहर मौजूद लोग और पुलिस। ● अमृत विचार

- परिजनों ने ससुरालीजनों पर लगाया दहेज की मांग का आरोप
- भाई ने ससुरालीजनों के विरुद्ध पुलिस में दी तहरीर

**अमृत विचार :** कस्बा सहावर में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। उसका शव घर में ही फंदे पर झूलता मिला है। परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए हत्या करने और शव को फंदे पर लटका देने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। विवाहिता के भाई ने मामला दर्ज करने को पुलिस को तहरीर दी है।

थाना सहावर के गांव मोहम्मदपुर निवासी मुकेश पुत्र नेत्रपाल ने अपनी बहन अनीता का विवाह सहावर के मुहल्ला हंसनगर निवासी अनुज कुमार पुत्र भगवान सिंह के साथ किया था। ढाई वर्ष पूर्व बहन की शादी में सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया गया था। शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहित की मौत हो गई।



मृतक अनीता

जब इसकी जानकारी भाई मुकेश को मिली तो वह शुभ चिंतकों के साथ बहन की ससुराल पहुंचा और शव फंदे पर लटका देख विलाप करने लगा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही सहावर के इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों एवं ससुरालीजनों से पूछताछ की और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाई का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज की मांग कर रहे थे और अनीता का उत्पीड़न करते थे। जब उनकी मांग पूरी न हो हुई तो ससुरालीजनों ने ही उसकी की बहन की हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया है। मुकेश ने ससुरालीजनों के विरुद्ध तहरीर पुलिस को दी है।

> विवाहिता की मौत हुई है। परिजन दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मामले में तहरीर मिल गई है। पुलिस जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। **- लोकेश सिंह भाटी,** इंस्पेक्टर।

### फोरेंसिक टीम ने एकत्रित किए साक्ष्य

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने जिले की फोरेंसिक टीम को मौके पर पहुंचकर घटना से संबंधित साक्ष्य एवं फोटोग्राफ एकत्रित करने के निर्देश दिए। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना से संबंधित साक्ष्य एवं फोटोग्राफ लिए हैं। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

# गुरु-शुक्र होंगे अस्त, नहीं बजेगी शहनाई

संवाददाता, सोरोंजी

- आज रात्रि से शुक्र तो सात मई से अस्त हो जाएंगे गुरु
- सनातन धर्म मुहूर्तों का माना गया है विशेष महत्व

**अमृत विचार:** सनातन धर्मावलंबियों में जीवन के प्रारंभ से मोक्ष तक मुहूर्तो का विशेष रूप से विचार करने की परंपरा रही है। षोडशसंस्कारों का चलन आज भी अनादि काल से चला आ रहा है।

नूतन कार्यों का शुभारंभ करने में भी ग्रह-नक्षत्र एवं शुभ मुहूर्त का चलन है ताकि जीवन में कोई विघ्न न आए। शुभ कार्यों का प्रारंभ करने में गुर्वस्त एवं शुक्रास्त का विचार प्रमुखता से किया जाता है। गुर्वस्त व शुक्रास्त होने का तात्पर्य गुरु या शुक्र का सूर्य के अधिक निकट आ जाने से है। गुरु व शुक्र अपनी गति से भ्रमण करते हुए जब सूर्य के सान्निध्य में आते हैं तब सूर्य किरणों में निमघ्न होने के कारण गुरु व शुक्र दिखाई नहीं देते, इसी घटना को ही गुर्वस्त व शुक्रास्त कहा गया है। शुक्रास्त के कारण पृथ्वी का पर्यावरण शुक्रप्रभा से दूषित माना गया है। सूर्य, बृहस्पति, शुक्र आदि ग्रहों का प्रभाव विवाहादि शुभ मुहूर्तों की काल गणना में विशेष विचारणीय होता है।

आदितीर्थ सूकरक्षेत्र धाम, सोरों जी के पुराणेतिहासाचार्य राहुल वाशिष्ठ ने बताया कि शुक्र भोग-विलास का नैसर्गिक कारक होने के कारण दाम्पत्य सुख का प्रतिनिधि ग्रह होता है, वहीं गुरु कन्या के लिए पतिकारक ग्रह होता है। इन दोनों ग्रहों का अस्त होना दांपत्य जीवन के लिए हानिकारक माना गया है। मुहूर्त निकालते समय यदि गुरु व शुक्र अस्त हों तो मुहूर्त संबंधी कार्य नहीं करना चाहिए। गुरु व शुक्र के उदय होने पर ही तद्कार्य करना शास्त्र सम्मत है। 28 अप्रैल को रात्रिकाल में शुक्र ग्रह अस्त हो जाएगा, जोकि 5 जुलाई को प्रातःकाल में उदय होगा। इसके साथ ही 7 मई को मध्याह्नकाल में गुरु ग्रह अस्त हो जाएगा, जोकि 31 मई को रात्रिकाल में उदय होगा। मुहूर्त-चिंतामणि ग्रंथ के अनुसार गुरु-शुक्र के बाल्य, वृद्धत्व, अस्तगत तथा क्षयमास व अधिकमास के कालांश में खननकार्य, गृहनिर्माण, गृहप्रवेश, देवप्रतिष्ठा, व्रतारंभ, व्रतोद्यापन, गोदान, वृषोत्सर्ग, मुंडन, कर्णभेदन, उपनयन, वेदारंभ, समावर्तन, विवाह, वधूप्रवेश, राज्याभिषेक, पहली बार उपाकर्म आदि ये सभी कार्य नहीं करने चाहिए। शास्त्रों में संवत्सर की प्रतिपदा, अक्षयतृतीया, विजयादशमी तथा कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को अबूझ मुहूर्त के रूप में मान्यता प्राप्त है। लोकाचार में भडलीनवमी, देवप्रबोधनी एकादशी, वसंतपंचमी भी अबूझ मुहूर्त के रूप में प्रचलित हैं।

## सोशल नेटवर्किंग पर डाली विवादित पोस्ट, तहरीर दी

**अमांपुर।** कस्बा के एक युवक ने भड़काऊ पोस्ट अपने फेसबुक अकाउंट से शेयर की है। पोस्ट के वायरल होने पर बजरंग दल अमांपुर के पदाधिकरियों और कार्यकताओं ने आक्रोश जताते हुए आरोपी युवक के खिलाफ अमांपुर पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

लोगों का कहना है कि पर्व पर इस तरह की पोस्ट शांति व्यवस्था को बिगाड़ सकती है। कस्बे के वकील निवासी लोहिया नगर अमांपुर के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर्व और लोस चुनाव के बीच एक बार फिर सोशल मीडिया के जरिए अभद्र टिप्पणी कर कस्बे का माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही हैं। अभद्र टिप्पणी की जानकारी जब कस्बे के लोगों को हुई तो उनमें आक्रोश व्याप्त हो गया था।

कवायद | चार साल पहले मांगी गई थी रिपोर्ट, अब फिर सक्रिय हुआ वन विभाग

# सैटेलाइट से तलाशे गए जिले के दलदलीय क्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाए जा रहे हैं ठोस कदम



जिले की दरियावगंज झील।

**अमृत विचार:** पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर हुए शासन ने अब एक बार फिर आर्द्र क्षेत्र और पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाया है। कासगंज जिले के आर्द्र आर्द्र क्षेत्र शासन को चार साल पहले सैटेलाइट दिखाई दिए, लेकिन दस्तावेजों में सभी आर्द्र क्षेत्रों का जिक्र नहीं है। पहले मांगी गई रिपोर्ट पर काम तो हुआ। संरक्षण की सफलता नहीं मिली। ऐसे में शासन के निर्देश पर वन विभाग फ़ॉर सर्वे के लिए सक्रिय हुआ है।

शासन स्तर पर राजस्व और वन विभाग के अफसर सैटेलाइट से जिलों की निगरानी कर रहे हैं। सबसे अधिक बल पर्यावरण संरक्षण पर दिया जा रहा है। कासगंज में सैटेलाइट से हरित क्षेत्र गायब होने के बाद शासन की चिंताएं और बढ़ गईं।

शासन ने सैटेलाइट की खोज में पाया है कि जिले में 8 आर्द्र क्षेत्र हैं लेकिन दस्तावेजों में गंगा, बूढ़ी गंगा और दो कैनाल का ही जिक्र है। जबकि सभी आर्द्र क्षेत्रों के संरक्षण की जरूरत है। शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन अब सभी आर्द्र क्षेत्रों के संरक्षण के लिए सर्वे करा रहा है।

शासन द्वारा जो सैटेलाइट सर्वे की जानकारी प्रशासन को दी गई है उसमें बताया गया है कि हजारा कैनाल में मगरमच्छों की संख्या भी अधिक है। सर्वे के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। सर्वे के लिए राजस्व, वन विभाग और सिंचाई विभाग की टीम लगाई है।

### हरित क्षेत्र के लिए शासन को भेजी गई रिपोर्ट

सैटेलाइट से जब कासगंज का हरित क्षेत्र गायब हो गया तो जिले में वृहद स्तर पर पौधरोपण कर वन विभाग ने हरित क्षेत्र की रिपोर्ट भी शासन को भेज दी है। ताकि सैटेलाइट पर हरित क्षेत्र फिर से दिखाई देने लगे।

> शासन ने सैटेलाइट पर 8 आर्द्र क्षेत्र पहले चिह्नित किए थे। मेरे कार्यकाल में रिपोर्ट भी गई थी। अब अलीगढ़ और कासगंज के आर्द्र क्षेत्र नए सिरे से तलाशे जा रहे हैं। **- दिवाकर वशिष्ठ,** प्रभागीय निदेशक वन विभाग, अलीगढ़।

**इन आर्द्र क्षेत्रों का होगा संरक्षण**

- 2 नहर जिनमें गंगा कैनाल और हजारा कैनाल शामिल है
- 3 झील, 2 गंगानदी, 1 हरिपदी कुंड भी सैटेलाइट सर्वे में शामिल
- 2.5 हजार हे. क्षेत्रफल में सैटेलाइट पर दिखे आर्द्र क्षेत्र

